फोन नं0 : 05262–232994 कार्यालय
Website : lbsdc.org.in
E-mail : principal@lbsdc.org.in

# श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज, गोण्डा – 271003 (उ.प्र.)
# Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda - 271003 (U.P.)

## सूचना

**दिनांक: 20.11.2026**

समस्त प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ई-कंटेंट स्टूडियो की स्थापना की गई है।

इस संबंध में उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा निम्नलिखित निर्देश जारी किए गए हैं—

1. **समस्त प्राध्यापकगण** अपने-अपने विषयों से संबंधित गुणवत्तापूर्ण ई-कंटेंट (शैक्षणिक वीडियो, व्याख्यान एवं अन्य अध्ययन सामग्री) तैयार करने हेतु निदेशालय द्वारा जारी Google Form के माध्यम से अपना ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें।

2. चयनित/आमंत्रित प्राध्यापकों को निर्धारित तिथि पर प्रयागराज स्थित ई-कंटेंट स्टूडियो में उपस्थित होकर शैक्षणिक सामग्री तैयार करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। संबंधित सूचना निदेशालय द्वारा दी जाएगी।

3. **समस्त छात्र-छात्राएँ** उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश के आधिकारिक YouTube (https://youtube.com/@dheprayag?si=vuGmBOxoxuteF3Ry) चैनल से जुड़ें तथा वहाँ उपलब्ध विषयवार शैक्षणिक वीडियो एवं ई-कंटेंट का नियमित अध्ययन करें।

4. सभी विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापक अपने विद्यार्थियों को उक्त डिजिटल शैक्षणिक संसाधनों की जानकारी दें तथा उन्हें इनके अधिकाधिक उपयोग हेतु प्रोत्साहित करें।

अतः समस्त प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं से अपेक्षा की जाती है कि वे उच्च शिक्षा निदेशालय के इस शैक्षणिक प्रयास में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें तथा डिजिटल शिक्षण-अधिगम को बढ़ावा देने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

20/11/26
प्राचार्य

UOOTTW/70/2025-CMPU-DHEUP

I/887854/2026

प्रेषक,

शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा), उत्तर प्रदेश,
उच्च शिक्षा निदेशालय,
प्रयागराज।

सेवा में,

समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक: डिप्टी कम्प्यूटर / 948 / 2026-27 दिनांक: 18/11/2026

विषय: उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज परिसर में स्थापित ई-कन्टेन्ट स्टूडियो के उपयोग एवं प्रचार-प्रसार के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक उन्नयन हेतु उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज परिसर में 'ई-कन्टेन्ट रिकॉर्डिंग स्टूडियो' स्थापित किया गया है। इस स्टूडियो में विभिन्न विषयों की गुणवत्तापूर्ण पाठ्य-सामग्री (ई-कन्टेन्ट) तैयार करने हेतु प्रदेश के राजकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में कार्यरत प्राध्यापकों/प्रवक्ताओं को आमंत्रित किया जा रहा है, जिसके पंजीकरण हेतु एक 'गूगल फॉर्म' (Google Form-https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSdFYeJjNE5bNPUd5Z78A1qEwdMtCUZ0ZcW2u-UOZPkx-mrsg/viewform?usp=header) लिंक जारी किया गया है। इस संबंध में अपने स्तर से प्रदेश के राजकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के समस्त विषयों के प्राध्यापकों/प्रवक्ताओं को गूगल फॉर्म भरने हेतु निर्देशित करें।

उक्त लिंक के माध्यम से प्राध्यापकों/प्रवक्ताओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जा रहा है। प्राप्त आवेदनों के क्रम में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य/प्रवक्ता को निर्धारित तिथि पर निदेशालय स्थित ई-कन्टेन्ट स्टूडियो में उपस्थित होने हेतु आमंत्रण पत्र निर्गत किया जाता है। प्राध्यापकों द्वारा स्टूडियो में रिकॉर्ड किए गए विषयवार ई-कन्टेन्ट को उच्च शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज के आधिकारिक यूट्यूब चैनल (https://youtube.com/@dhcprayag?si=oSSbJNU4fIUE/HXt) पर अपलोड कर प्रसारित किया जा रहा है।

अतः इस सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने परिक्षेत्रान्तर्गत स्थित समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों को निर्देशित करें कि वे अपने महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा निदेशालय के आधिकारिक यूट्यूब चैनल से जुड़ने तथा उस पर उपलब्ध विषयवार ई-कन्टेन्ट का लाभ उठाकर अध्ययन करने हेतु व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित करें, जिससे संबंधित विषय के छात्र-छात्राएं उक्त ई-कन्टेन्ट शैक्षणिक सामग्री का लाभ प्राप्त कर सकें।

Digitally signed by SHASHI KAPOOR
Date: 18-11-2026 16:55:10

डी0 (शशि कपूर)
संयुक्त निदेशक (उच्च शिक्षा),
कृते-शिक्षा निदेशक (उ.शि.), उ.प्र.,
प्रयागराज।

Dr Neeraj Yadav 19/11/26

पृ0सं0-डिप्टी कम्प्यूटर/ / उसी तिथि को।

प्रतिलिपि प्राचार्य/प्राचार्या, राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

डी0 (शशि कपूर)
संयुक्त निदेशक (उच्च शिक्षा),
कृते-शिक्षा निदेशक (उ.शि.), उ.प्र.,
प्रयागराज।